संस्करण 2025 30 अगस्त 2025 - शनिवार मूल्य: 1₹

हिंदी समाचार | रोज़ाना की ताज़ा ख़बरें | लाइव वीडियो न्यूज़

88.19 ₹ india file story 88.19 ₹

# राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी आज



**राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

राजस्थान के कई जिलों में अगले कुछ घंटों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। आपदा प्रबंधन विभाग, राजस्थान ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि बालोतरा, बाड़मेर, बीकानेर, डीडवाना-कुचामन, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर और फलोदी में कहीं–कहीं तेज़ बरसात हो सकती है।

विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान सावधानी बरतें, निचले इलाकों में न जाएँ और बिजली कड़कने की स्थिति में खुले स्थानों से दूर रहें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और पशुपालकों को भी सचेत किया गया है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में सक्रिय मानसून प्रणाली के कारण अचानक बारिश का दौर शुरू हो सकता है। कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनने की आशंका है।

**यद्गिर (कर्नाटक), 30 अगस्त 2025**

कक्षा 9 की एक छात्रा ने अपने सरकारी आवासीय स्कूल की वॉशरूम में बच्चा जन्म दिया, जिससे एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। छात्रा, जो कि लगभग 17 वर्ष 7 महीने की बताई गई है, को जब दर्द की शिकायत हुई, तब सहपाठियों ने तुरंत स्कूल प्रशासन को सूचित किया। फिलहाल, छात्रा और नवजात बालक दोनों अस्पताल में सुरक्षित स्थिति में हैं। इस घटना की जांच पुलिस द्वारा POCSO अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत दर्ज की गई FIR के तहत शुरू कर दी गई है।

**जांच** में आरोपी के रूप में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की पहचान हुई है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। साथ ही स्कूल प्रशासन में संभावित लापरवाही के लिए मुख्याध्यापक, होस्टल वार्डन, स्टाफ नर्स और अन्य संबंधित कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है—कई को संस्थागत जांच के आदेश पर निलंबित किया गया है।

**राजस्थान के मशहूर गायक रिछपाल धालीवाल के बेटे DC धालीवाल आज अनूपगढ़ पहुँचेगे**

राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोक गायक रिछपाल धालीवाल के सुपुत्र लोकप्रिय कलाकार DC धालीवाल आज अनूपगढ़ के गाँव चक 4A वार्ड नंबर-2 में होने वाले बाबा रामदेव जी के जागरण में शिरकत करेंगे।

यह कार्यक्रम आज 30 अगस्त 2025, शाम 7:15 बजे से शुरू होगा। जानकारी के अनुसार, धालीवाल परिवार के ये दोनों कलाकार DC धालीवाल , गुरप्रीत धालीवाल अपने सुरों से बाबा रामदेव जी की महिमा का गुणगान करेंगे।

गौरतलब है कि DC धालीवाल का भजन "तान छतरी" सोशल मीडिया और यूट्यूब पर लाखों बार सुना जा चुका है और यह बाबा रामदेव जी के भक्तों के बीच सबसे अधिक चर्चित भजनों में से एक है। ऐसे में आज का यह जागरण स्थानीय लोगों और भक्तों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनने वाला है।

अपना सुझाव हमें ईमेल पर भेजें –
filestoryindia@gmail.com